## सार-समाचार

### नटवर व्यास जिलाध्यक्ष बने



जैसलमेर, (नि.सं.)। वर्तमान युग में सेवा की बड़ी महिमा है। लोगों के अनुसार खरा आदमी वह है, जो अपनी बुराइयों को दूर करता है और नीति का जीवन बिताते हुए अपने समाज के और देश के काम आता है। नटवर व्यास अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय को विश्व हिंदु परिषद जैसलमेर का अध्यक्ष का पदभार सुशोभित करने की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। घोषणा सुनते ही चहुंओर लोगों में खुशियों का संचार होते हुए देखा गया।

### नशे के विरूद्ध दिलाई शपथ

जालोर (निसं)। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों व कार्यालयों में नशे के विरूद्ध शपथ गतिविधि का आयोजन किया गया। अभियान के तहत "विकसित भारत का मंत्र, देश हो नशे से स्वतंत्र" की थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमि विद्यालय राजेन्द्र नगर जालोर में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नशा मुक्ति शपथ के साथ नशा मुक्ति जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य जिला शिक्षाधिकारी नरेन्द्र परमार ने बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रहने व नशे से होने वाली हानियों से अवगत करवाने की बात कही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि ज्यादातर अपराध नशा के कारण ही होते है। उन्होंने युवाओं को नशे के विरूद्ध समाज को जागृत कर उन्हें नशामुक्ति की दिशा में प्रोत्साहित करते हुए हेल्प लाइन नंबर 14446 का प्रचार-प्रसार किये जाने की बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने नशे से होने वाले शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय ने नशे से दूर रहने व सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। नशा मुक्ति केन्द्र के प्रभारी ने नशा मुक्ति के उपायों व केन्द्र पर दी जाने वाली सुविधाओं के विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वचनाराम राठौड़, छात्रावास अधीक्षक कैलाश जीनगर, दिलीप मेवाड़ा, खीवसिंह सहित कई जने उपस्थित रहे।

### झुंझार भाटी की छतरी पर कार्यक्रम हुए

जालोर, (कासं)। शहर के सूरजपोल से बाहर स्थित झुंझार श्री रतनसिंह जी भाटी की छतरी पर उनके परिवार व राजपूत समाज द्वारा रात्रि भजन जागरण और प्रसादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि जागरण कार्यक्रम के बाद रविवार प्रातः समाज के लिए सामूहिक प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कोटडी, लालिया, बामसीन, महेशनगर और थलवाड सहित उनके वंशज तथा शहर के राजपूत परिवारों द्वारा महाराजा मानसिंह जी के समय में राष्ट हित हेतु बलिदान हुए जुझार रतनसिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा उनके बताएं पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता बताते हुए राजपूत समाज के युवाओं ने त्याग और बलिदान की परंपरा को जीवित रखने की बात की। इस मौके पर जलंधरनाथ अखाडा के संत आनंदनाथ जी, सिवाना के पूर्व विधायक कानसिंह कोटडी, हनुमतसिंह ललिया, खेतसिंह बाबूसिंह, सूरजपालसिंह, भंवरसिंह, रतनसिंह, गणपतसिंह, चंदनसिंह, कानसिंह, बनेसिंह, भवानीसिंह, गोविंदसिंह, राजेंद्रसिंह, वि मसिंह, परमवीरसिंह, खुशपालसिंह, डूंगरसिंह, केहरसिंह सहित शहर के सैकडो राजपूत परिवार तथा झुंझार श्री के परिवार से भाटी सरदारों सहित सैकडो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसादी के मौके पर संत और गणमान्य समाज बंधुओ द्वारा प्राचीन धरोहर के संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए इस पवित्र और ऐतिहासिक स्थान के विकास हेतु विभिन्न प्रस्ताव पारित किए। साथ ही छतरी और स्मारक के आसपास हो रहे अति मण को लेकर प्रशासन का ध्यान दिलाने की बात की गई। शहर के राजपूत यूवाओ ने तिलक द्वार, समतीपुरा रोड, सुंदेला तालाब सहित विभिन्न स्थान पर बनी छत्रियों और स्मारकों के संरक्षण के लिए योजना बनाकर संरक्षण और विकास के कार्यों हेतु रूपरेखा पर चर्चा की।

### मालनाथ की ढाणी में पौधारोपण किया

जालोर, (नि.सं.)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय मालनाथ की ढाणी, जालौर में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में 115 पौधों का पौधारोपण किया गया। इसके अलावा प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षक गण को पांच पांच पौधे वितरित भी किए गए। कुल मिलाकर 475 पौधों का वितरण किया गया। 20 पौधों को जिओ ट्री एप्प पर ट्रैक करवा कर सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने पौधारोपण के पश्चात पौधों को बडा करने एवं देखभाल करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती अध्यक्ष दिनेश गोयल, सचिव कृष्णकांत जैथलिया, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य महेश मोर की उपस्थिति रही ।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन लता एवं अध्यापिका प्रीति त्रिवेदी एवं सुजाता ने लघु उद्योग भारती द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्यक्रम के लिए लघु उद्योग भारती का आभार व्यक्त किया। लघु उद्योग भारतीय अध्यक्ष दिनेश गोयल एवं मनोहर राणा को विद्यालय में विधायक प्रतिनिधि के तौर पर मनोनीत भी किया गया। लघु उद्योग भारती द्वारा भविष्य में भी विद्यालय को हर प्रकार से सहयोग देने की भावना व्यक्त की गयी जिसका उपस्थित शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने सहर्ष करतल ध्वनि से स्वागत एवं अनुमोदन किया।

### रक्षा मंत्री राजनाथ से मुलाकात की

बाड़मेर, (निसं)। बाडमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने सोमवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। बेनीवाल ने बाडमेर संसदीय क्षेत्र में सैनिक स्कूल खोलने के लिए रक्षा मंत्री से मांग की। जिससे ज्यादा से ज्यादा युवा सेना में अपनी जगह बना सकें। बेनीवाल ने रक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान कहा संसदीय क्षेत्र अंतरराष्टीय सीमावर्ती हैं और भौगोलिक दृष्टि से बडा है इस क्षेत्र के हजारों सैनिक राष्ट्र सेवा में सेवारत हैं और लाखों सैनिकों ने गौरवपूर्ण सेवा दी है देश सेवा में आजादी के समय स्वतंत्रता सेनानियों और देश की रक्षा के लिए विभिन्न युद्धों व सीमाओं पर शहादत दी है। इस क्षेत्र को शिक्षा और देशसेवा के जज्बे की भावना के अनुरूप एवं लंबे समय से जनप्रतिनिधियों व आमजन मांग के अनुसार यहां सैनिक स्कूल खोलना अति आवश्यक हैं। इस दौरान सांसद बेनीवाल ने सीमावर्ती संसदीय क्षेत्र में देश की सुरक्षा एवं रक्षा मंत्रालय के सम्बन्धित व अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### दिया कुमारी आज बालोतरा दौरे पर

बालोतरा, (निसं)। उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी 13 अगस्त, मंगलवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को प्रातः 9.30 बजे जोधपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे नागाणा पहुंचेंगी। इस दौरान वे मंदिर दर्शन एवं वृक्षारोपण कार्य म में भाग लेंगी। उप मुख्यमंत्री महोदया दोपहर 11.50 बजे नगाणा से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे कनाना पहुंच कर वीर दुर्गादास जयंती पर स्टेच्यू का लोकार्पण करेंगी। लोकार्पण पश्चात वे दोपहर 3 बजे जोधपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### पुलिस कार्यालय भवन का शिलान्यास

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा शहर के जेएम कोर्ट के पास उप अधीक्षक कार्यालय वृत पचपदरा के कार्यालय भवन का शिलान्यास मुख्य अतिथि डॉ अरुण चौधरी विधायक पचपदरा एवं कुंदन कंवरिया की अध्यक्षता में किया गया। विधिवत भूमि पूजन के बाद शिलान्यास व शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में कई लोग नागरिक उपस्थित रहे।

### बापुडा गांव में अजगर पकड़ा

रेवदर, (निसं)।रेवदर में वन विभाग टीम ने 13 फिट लम्बा अजगर पकडा गया। रेवदर के निकट बापुडा गांव के कृषि कुएं पर अजगर आने से मचा हडकंप,सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची मौके पर,कडी मशक्कत के बाद रेस्कयू कर अजगर को पकडा,पकडकर सुरक्षित वन्य क्षेत्र छोडा,इस मौके पर सहायक वनपाल रमेश कुमार,सहायक वनपाल रामलाल, मोतीराम देवासी अध्यक्ष पारिस्थितिकी विकास समिती टोकरा आदि मौजूद रहे।

# सावन माह के चौथे सोमवार को गूंजे देवों के देव महादेव के जयकारे, मंदिरों में भीड़ रही



पाली में सावन के चौथे सोमवार को मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर के मलकेश्वर मठ में सेवा भारती महाराज व भक्तों ने पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर सहित जिलेभर में सावन के मास के चौथे सोमवार को शिवालयों में हर हर महादेव व ओम नमो शिवाय के जयकारे गुंजायमान हो उठे। आज दिनभर मंदिरों में बम बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

जालोर के निकट नारणावास ऐसराणा पर्वत पर स्थित श्री जागनाथ महादेव मंदिर में सावन चौथे सोमवार को श्रद्धालुओं ने दर्शन कर खुशाल जीवन की कामना की। सोमवार को श्रद्धालुओं ने जागनाथ महादेव के दर्शन कर अपने लिए खुशाल जीवन की कामना की । जागनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक , दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की एवं बिल्वपत्र , पुष्पों व फूलमालाओं से शिवलिंग को सजा कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने जागनाथ महादेव के जयकारे भी लगाएं जिससे मन्दिर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालुओं ने महंत महेन्द्र भारती से आशीर्वाद लिया। महंत महेन्द्र भारती ने कहा कि सावन महीने में महादेव के दर्शन करने का विशेष महत्व हैं।नारणावास के रूप सिंह राठौड ने कहा कि श्री जागनाथ महादेव के प्रति श्रद्धालुओं में आस्था हैं ।

इस अवसर पर रूप सिंह राठौड नारणावास , मनोहर सिंह भायल, चंदन सिंह धवला, केशा राम राजपुरोहित ,जोग सिंह नारणावास , भगवत सिंह धवला , अमित शर्मा , गजे सिंह खुशाल सिंह धवला, ,हीर सिंह नारणावास , महेंद्र सिंह नया नारणावास , प्रकाश राजपुरोहित , ऐलम सिंह , नारायण सिंह मोरुआ , अनार सिंह आकुना, प्रहलाद माली , ईश्वर सिंह, भरत राजपुरोहित , राजू पूरी ,सोब सिंह ,जसवंत सिंह आदि मौजूद थे।

वही जिले भर में सावन मास को लेकर शिव भक्तो में खास उत्साह नजर आया। सोमवार को जालोर शहर के बागेश्वर महादेव, बैद्यनाथ महादेव मंदिर, सुरेश्वर महादेव मंदिर, भैरूनाथ अखाडे सहित शिव मंदिरो में भक्तो की भीड़ नजर आई। सावन मास में सोमवार को बारिश के बीच भक्तो की रेलमपेल लगी रही।

भक्तो ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर बिल्व पत्र, पुष्प अर्पित कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ भक्तो ने दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किया। शिवालय बम बम भोले व हर हर महादेव के जयकारो से गुंजयमान नजर आय।

सोमवार को शहर के निकट कणियागिरी पर्वत स्थित सिरे मंदिर धाम पर मेला जैसा माहौल नजर आया। वही जालोर शहर के निकट लेटा मठ, भैसवाडा मठ, जागनाथ महादेव मंदिर, स्वरूपपुरा महादेव मंदिर, बिशनगढ स्थित शिव मंदिर में भी भगवान शिव के दर्शनार्थ भक्तो का रेला नजर आया। जिलेभर में सावन मास के सोमवार को भक्तो की भीड़ नजर आई।

### अभिषेक किया

पाली, (नि.सं.)। सावन के चौथे सोमवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव के विशेष श्रृंगार के साथ रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित हुए।

पाली शहर के हृदय स्थल सोमनाथ मंदिर मैं भगवान शिव का विशेष अजमेर से मंगाई 151 किलो पुष्पों से दोनों समय श्रृंगार किया गया, जहां सुबह 5: बजे से दिन पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल अभिषेक, दूध बिली पत्र चढ़कर भगवान शिव को प्रसन्न किया। बम बम भोले के जयकार लगाए। इसी प्रकार जवाहर नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चौथ सोमवार को अभिषेक किया गया।

मानपुरा भाकरी के ऊपर जबरेश्वर महादेव मंदिर में भक्त मंडल ने पहुंचकर रुद्राभिषेक कर आरती की। जिसमें माणकचंद, हरिओम शास्त्री भेरूघाट मित्र मंडल थे। शहर के लखोटिया महादेव मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। यहां पर दिन भर मेला सा लगा रहा।

पाली शहर के भूतनाथ मंदिर तारकेश्वर मंदिर, पंचमुखी महादेव, रत्नेश्वर महादेव, अमलेश्वर महादेव, ओंकारेश्वर महादेव के साथ सालेश्वर महादेव, निंबुडा नाथ महादेव, सादडी की पहाडियों में परशुराम महादेव पहुंचकर दर्शन किया।

### रेवदर में कांवड यात्रा निकाली

रेवदर, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर सावन मास के सोमवार को विशाल कावड यात्रा निकाली गई। रेवदर कस्बे के दर्जनों कांवडियों ने कांवड यात्रा दो किलोमीटर चलते हुए पंचमुखी महादेव मंदिर में पहुंचे।

रेवदर-मंडार मार्ग स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर से महंत भीमगिरी ने हरी झंडी दिखाकर कांवड यात्रा को रवाना किया । भक्त प्रकाश वैष्णव ने बताया कि बूढेश्वर महादेव मंदिर से पवित्र जल लेकर कांवड यात्रा का शुभारंभ किया। कांवड यात्रा में पूर्व विधायक जगसी राम कोली सहित कस्बे की महिलाओं ने भी भाग लिया। कांवड यात्रा में सभी ने पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता और धोती पहनकर उत्साह के साथ भाग लिया। कस्बे में जगह-जगह कांवड यात्रा के स्वागत के लिए कस्बेवासियों ने माला व पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में सजी शिव पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए कांवड यात्रा का समापन 2 किलोमीटर चलते हुए रेवदर स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में हुआ। जहां कावड के पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया महा आरती और प्रसादी का आयोजन किया गया।



जालोर शहर के निकट नारणावास ग्राम के जागनाथ महादेव मदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

### करंट लगने स एक जने की मौत

जोधपुर, (कासं) । बेलवा गांव में कार्यरत टेक्नीशियन की विद्युत ट्रांसफार्मर ठीक करते समय करंट लगने के बाद महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

बालेसर पुलिस व डिस्कॉम से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालेसर डिस्कॉम का लाइनमैन चैनपुरा, करौली निवासी राकेश जाटव ग्राम पंचायत बेलवा खत्रियां में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत था। वह बेलवा राणाजी गांव के राजस्व ग्राम सगतनगर में विद्युत ट्रांसफार्मर ठीक करने के लिए गया हुआ था। जहां ट्रांसफ़ार्मर को ठीक करने के दौरान अचानक करंट आने से राकेश बुरी तरह से झुलस गया। घटनास्थल पर आसपास के लोग दौडक़र पहुंचे। सूचना डिस्कॉम कार्यालय को देकर विद्युत सप्लाई बंद करवाई।

## जे.डी.सी. उत्साह चौधरी ने निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी ने सोमवार को प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेडीए सचिव डॉ. हरीतिमा, निदेशक विधि जगदीश कुमार, उपायुक्त जोन 3 व 4 जयपाल सिंह राठौड, अधिशाषी अभियन्ता प्रदीप हुड्डा सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

जेडीसी उत्साह चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन से प्राधिकरण में विभिन्न ऑनलाईन सर्विसेज के माध्यम से आमजन के प्रकरणों एवं कार्यों को पारदर्शित के साथ धु त गति से निस्तारित किया जा रहा है, साथ ही जेडीए में राजकाज ई-फाइलिंग के माध्यम से ऑनलाईन ही सभी प्रकार की फाईलों व पत्रावलियों के संचालन एवं निस्तारण का कार्य किया जा रहा है।



आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी ने प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण किया।

जेडीसी ने सोमवार को जेडीए कार्यालय में जोनवार निरीक्षण कर ऑनलाईन राजकाज ई-फाईलिंग, ई-डाक इत्यादि कार्यों की समीक्षा की गई।

आयुक्त चौधरी ने समस्त जोन में फाइलों को राजकाज के माध्यम से ऑनलाईन ई-फाईलिंग करने एवं जोन में पडी फाइलों को सूचीबद्ध कर ऑनलाईन दर्ज करते हुए रिकॉर्ड को प्राधिकरण रिकॉर्ड रूम में जमा करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने फाइलों को सुव्वस्थित ढंग से स्कैन करने, ई-फाईलिंग के बाद फाइलों राजकाज नम्बर, एफटीएस नम्बर, बार कोड इत्यादि लगाने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त द्वारा प्राधिकरण में निर्मित नवीन रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान वर्तमान रिकॉर्ड रूम में पडी फाइलों एवं रिकॉर्ड का डिजिटलाईजेशन करते हुए शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश संबंधित को प्रदान किए गए।

### धर्म उपदेश प्रदान

जैसलमेर, (नि.सं.)। चैन्नेई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर के आनन्द दरबार में श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज ने धर्म उपदेश प्रदान किया।

प्रवक्ता सुनिल चपलोत श्री वर्धमान स्थानकवासी जैनमहासंघ तमिलनाडु चैन्नेई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार को विशाल धर्मसभा मे श्रध्दालुओं को धर्म उपदेश प्रदान करतें हुए युवाचार्य ने कहा कि इस भौतिक युग में अध्यात्म से ज्यादा ध्यान भौतिक सुख- सुविधा की ओर जाता है। यहां त्याग को व्यक्ति की कमजोरी, तपस्या को भूखमरी, ज्ञान को जड़ और स्वाध्याय को निकम्मे लोगों की होने की बात कही जाती है। उस समय हमारे अंदर रही शक्ति कम हो जाने की संभावना रहती है। किसी भी क्षण में किसी भी साधक को असावधानी नहीं बरतनी चाहिए।

## सरकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाना होगा : रविंद्र सिंह बालावत

जालोर, (कासं)।भाजपा प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालौर मंडल कार्यसमिति बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय कबीर आश्रम सुंदेलाव तालाब के पास जालोर में किया गया।

नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के नाते भाजपा राष्टीय परिषद सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत उपस्थित थे वही अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की।विशिष्ठ अतिथि के नाते भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया, मंडल संयोजक संजय बोराणा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष छगन दास रामावत उपस्थित थे।कार्यसमिति बैठक की शुरुआत राष्ट गीत से की गई।बैठक में आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा की।

कार्यसमिति के दौरान भाजपा के अम्बालाल व्यास व दिनेश बारोट के माताजी के निधन सहित अन्य परिवारों के सदस्य के निधन पर मौन रखकर शोक प्रकट किया। कार्यसमिति का समापन राष्ट्र गान से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री व पार्षद श्री दिनेश जी महावर ने किया।

बैठक में जिला कार्यालय मंत्री डिम्पलसिंह, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित,नगर महामंत्री रतन सुथार, अरविंद गर्ग,नगर उपाध्यक्ष रवि सोलंकी, राजेन्द्र टाक, राजकुमार चौहान, मेथी देवी,घनस्याम देवासी, नगर मंत्री महेंद्र राठोड,गीता बारोट, महेश भट्ट,ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, सहित कई जनेउपस्थित थे।





भाजपा नगर मंडल जालोर कार्यसमिति को रविन्द्र सिंह बालावत ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

भाजपा राष्टीय परिषद सदस्य रविंद्रसिंह बालावत ने कहा कि हम सबको भाजपा के डबल इंजन की सरकार के द्वारा जारी जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम जन को मदद मिल सके।जिस प्रकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं हम सबको मिलकर भी उनके सभी अभियानों में पूर्ण सहभागिता निभाई होगी। हम देख रहे हैं कि पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। हम सब कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने विधानसभा व लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत आभार धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। हम सबको प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के हर घर तिरंगा अभियान में लगकर विशेष योगदान देना होगा।

नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने संगठन संरचना के साथ-साथ आगामी कार्य मों की रूपरेखा पर अपने विचार रखें। साथ ही आगामी नगर निकाय चुनाव सहित सभी गतिविधियों में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए कहा। तिरंगा अभियान जिला सह संयोजक मुकेश राजपूत ने कहा कि हम सबको हर घर तिरंगा लगाना है वह उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर लगाना है।

## उत्कर्ष शिक्षा महोत्सव 13 से 21 अगस्त, ऑनलाइन कोर्सेस पर डिस्काउंट

जोधपुर, (कासं)। 78वें स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन तथा उत्कर्ष के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत के जन्मदिवस के अवसर को विद्यार्थियों के लिए विशेष बनाते हुए उत्कर्ष क्लासेस ने शिक्षा महोत्सव की घोषणा की है। उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 78 प्रतिशत की सीधी छूट दिए जाने के साथ ही कूपन कोड (एनजी 13) अप्लाई करने पर 13 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट तथा 100 प्रतिशत तक के रिवॉर्ड पॉइंट्स जीतने का अवसर दिया जा रहा है। उत्कर्ष के इस शिक्षा महोत्सव के तहत विद्यार्थी 13 अगस्त से 21 अगस्त तक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उत्कर्ष क्लासेस के फाउंडर एंड सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि विशेष रूप से स्वतंत्रता दिवस तथा रक्षाबंधन के अवसर को देखते हुए देशभर के विद्यार्थियों को उत्कर्ष शिक्षा महोत्सव मनाने का मौका दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत विद्यार्थी उत्कर्ष एप में उपलब्ध 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर निर्धारित डिस्काउंट तथा रिवॉर्ड पॉइंट्स पाकर लाभान्वित हो सकते हैं। उत्कर्ष एप में आईएएस, आर. ए. एस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बी.पी.एससी, बीएसएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त



डॉ. निर्मल गहलोत

राजस्थान तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा इत्यादि के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर शिक्षा महोत्सव का लाभ दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ई-मित्र, आरकेसीएल तथा सीएससी के माध्यम से कोर्स प्राप्त करने पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट प्राप्त किया जा सकता है वहीं उत्कर्ष एप की बुकशाला से बुक्स ऑर्डर करने पर 30 प्रतिशत तथा कूपन कोड (एनजी 13) इस्तेमाल करने पर 13 प्रतिशत का डिस्काउंट उपलब्ध है।